समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# डोनाल्ड ट्रंप को मिलेगा दुनिया का सबसे महंगा गिफ्ट, कतर देगा 3400 करोड़ का प्लेन, जाने क्यों अभी नहीं कर पाएंगे इस्तेमाल।

Publisher Published on 13 May 2025



## डोनाल्ड ट्रंप को आगामी कतर दौरे पर दुनिया का सबसे महंगा गिफ्ट मिल सकता है. कतर उन्हे एंक लग्जरी प्लेन गिफ्ट करने वाला है.

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कतर दौरे पर जाने वाले हैं. वे बुधवार को कतर पहुंच सकते हैं. ट्रंप को इस दौरे पर अब तक का सबसे महंगा तोहफा मिल सकता है. एक रिपोर्ट के मुताबिक कतर उन्हें एक लग्जरी प्लेन गिफ्ट करने वाला है, जो कि हर तरह की सुविधाओं से लैस होगा. अहम बात यह है कि ट्रंप अभी इस प्लेन का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे. इसका एक बड़ा कारण सामने आया है.

रिपोर्ट के मुताबिक कतर ट्रंप को लग्जरी बॉइंग 747 गिफ्ट करेगा. इस विमान की अनुमानित कीमत 3400 करोड़ रुपए (400 मिलियन डॉलर) है. यह किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलने वाला अब तक का सबसे महंगा गिफ्ट होगा. ट्रंप फिलहाल इसका इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे. इसके सिक्योरिटी क्लियरेंस में काफी वक्त लगेगा. जब सिक्योरिटी क्लियरेंस मिल जाएगा तब इसे यूज कर सकेंगे.

ट्रंप की लाइब्रेरी को दान किया जाएगा प्लेन

ट्रंप का 2029 में राष्ट्रपति पद का कार्यकाल पूरा होगा. उनका कार्यकाल खत्म होने के बाद यह प्लेन उनकी लाइब्रेरी को दान किया जाएगा. ट्रंप को गिफ्ट में मिलने वाले प्लेन को बोइंग कंपनी तैयार कर रही है. इसकी लंबाई करीब 250 फीट है. यह 76 सीटर प्लेन है. वे इस विमान को एयर फोर्स वन के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं. एयर फोर्स वन अमेरिकी राष्ट्रपति का

ऑफीशियल प्लेन है.

## हर तरह की सुविधाओं से लैस है प्लेन

ट्रंप को मिलने वाले प्लेन में लगभग हर तरह की सुविधा है. इसमें महल की तरह कमरों को तैयार किया गया है. इस प्लेन को फ्लाइंग पैलेस भी कहा जाता है. प्लेन में लग्जरी सुइट्स, मास्टर बेडरूम, कॉन्फ्रेंस रूम, डाइनिंग एरिया और लाउंज शामिल है. सुरक्षा के लिहाज से भी यह प्लेन काफी एडवांस है. मिसाइल हमले से सुरक्षा के लिए काउंटरमेजर्स के तौर पर इंफ्रारेड जैमर लगा है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.